राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला कलेक्टर (सहा0) झुंझुनूं

(E mail- Coll.reliefjjn@gmail.com, Phone no – 01592 232237)

क्रमांकः– एफ 1(5)(17) सहा0 / 2019–20 / 2070 दिनांकः– 02/ 08/ 2021

निमितः–

वित्तीय सलाहकार,
आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

विषय :– मानसून सत्र 2019 में क्षतिग्रस्त सडको की करवायी गयी मरम्मत के भुगतान हेतु प्रेषित बजट मांग के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत मानसून सत्र 2019 में अतिवृष्टि से सार्वजनिक परिसम्मपति सडको की क्षति होने पर कार्यालय प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति क्रमांक 3060–90 दिनांक 11.11.2019 से सा.नि.वि. खण्ड खेतडी के कुल 20 कार्यो हेतु 79.90 लाख रू की स्वीकृति प्रदान कर कार्य शीघ्र आरम्भ करवाकर कार्य पूर्ण किये जाने की स्वीकृति प्रदांन की गयी थी।

अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड खेतडी से प्राप्त बिल अनुसार भुगतान हेतु कार्यालय बजट मांग संख्या DD/2021/00416 राशि 14,64,527/– रू की बजट मांग विभाग को प्रेषित की गयी थी। जिसे विभाग द्वारा "Why Should not payment make in 2019-20. As per note sheet AS Sanction not attached with demand" का आक्षेप लगाकर रिवाईज किया गया था। जिसके फलस्वरूप बिल देरी से प्रस्तुत करने का कारण अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड खेतडी से चाहे जाने पर अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड खेतडी के पत्रानुसार स्वीकृति प्राप्त होने पर निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसमे विभिन्न संवेदको ने भाग लिया जिनको कार्यादेश देकर कार्य को चालू करने के लिये निर्देशित किया गया था परन्तु अत्यधिक ठण्डे मौसम के कारण पेच मरम्मत कार्य 28.02.2020 तक नही किया गया। उक्त कार्यो में से एक मूल संवेदक द्वारा कार्य नही करने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित करके कार्य करवाया गया था।

उपरोक्त कारणों की वजह से मानसून सत्र 2019 में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत का भुगतान वित्तीय वर्ष 2019–20 में नही किया जा सका था। वित्तीय वर्ष 2020–21 में बजट मांग के उपरान्त विभाग से बजट प्राप्त नही होने के कारण भुगतान नही किया जा सका था। अतः वित्तीय वर्ष 2021–22 में बजट मद 2245–02–106–08–01–21 में राशि 14,64,527/– रू उपलब्ध करवाने का श्रम करावें, ताकि लम्बित बिलों का भुगतान किया जा सकें।

उक्त पत्र सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

29.7.2021

( जगदीश प्रसाद गौड )
अति. जिला कलक्टर
झुंझुनू

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, खेतड़ी

क्रमांक: 518 दिनांक: 23.06.2021

श्रीमान अति. जिला कलक्टर,
झुंझुनूं।

विषयः— मानसून सत्र 2019 में क्षतिग्रस्त सड़कों की करवायी गयी मरम्मत के भुगतान हेतु प्रेषित बिलों के संबंध में।

प्रसंगः— आपका पत्रांक एफ1(5)(17)राहा0/2019—20/1479 दिनांक 22.06.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के कम में निवेदन है कि उक्त कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति आपके कार्यालय के पत्र कमांक 3060—90 दिनांक 11.11.2019 को राशि रू. 79.90 लाख की प्राप्त हुई थी। स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें विभिन्न संवेदको ने भाग लिया जिनको कार्यादेश देकर कार्य को चालू करने के लिये निर्देशित किया गया था परन्तु अत्यधिक ठण्डे मौसम के कारण पेच मरम्मत कार्य 28.02.2020 तक कार्य नही किया गया। इसके बाद संवेदकों ने अत्यधिक मेहनत करके कार्य किये। उक्त कार्यों में से एक मूल संवेदक द्वारा कार्य की कार्य नही करने के कारण पुनः निविदा आमंत्रित करके कार्य करवाया गया था। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि उक्त संवेदकों को भुगतान करके राहत प्रदान करने की कृपा करें तथा भविष्य में विलम्ब के लिये पुनरावृति नही की जायेगी।

(राजेश कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि.खण्ड,खेतड़ी

A 3887
23/7/21

To relief sec for upright file

22/7/21